विभिन्न स्कूलों में रिक्त स्थान

2333. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली नगर निगम, दिल्ली प्रशासन और नई दिल्ली नगरपालिका के स्कूलों में 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार शिक्षकों के कुल कितने स्थान रिक्त थे,

(ख) उक्त रिक्त स्थानों में से कितने पद उर्दू के शिक्षकों के हैं, और

(ग) इन रिक्त स्थानों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) दिल्ली प्रशासन, नई दिल्ली नगरपालिका तथा दिल्ली नगर निगम द्वारा दी गई सूचना के अनुसार इन एजेंसियों द्वारा संचालित स्कूलों में 30 जून, 1993 तक की स्थिति के अनुसार रिक्त पड़े हुए कुल पदों की संख्या तथा उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों की संख्या निम्नवत है :

कुल रिक्त पदों की संख्या	उर्दू शिक्षकों के रिक्त पद
दिल्ली प्रशासन	
1088	160
नई दिल्ली नगर पालिका	
35	3
दिल्ली नगर निगम	
1329	32

(ग) स्कूलों में शिक्षकों की रिक्तियां त्याग पत्र, सेवा निवृत्ति तथा स्कूल के स्तरोन्नत होने के कारण समय-समय पर बढ़ती रहती हैं । इन रिक्त स्थानों को भरने की एक सतत प्रक्रिया है तथा इन रिक्त पदों को भरने के लिए हमेशा ही विभिन्न प्रयास किए जाते हैं । इन एजेंसियों द्वारा समाचार पत्रों में विज्ञापन, रोजगार कार्यालय तथा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से इन रिक्त पदों को भरने के लिए कार्रवाई पहले ही शुरू कर दी गई है ।

Export of Non-Antiquities

2334. DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the number of meetings of the Expert Advisory Committee under the Antiquities and Art Treasures Act for export of non-antiquities were held in year 1992-93;

(b) whether it is a fact that the Expert Committee unnecessarily delays the export clearance of non-antiquities whereby scarce foreign exchange is lost;

(c) whether any complaints of irregularity, corruption or favouritism have been received by the Department against the Expert Advisory Committee; and

(d) what is the mechanism of monitoring the actions of the Expert Advisory Committee in cases where the appeals Committee decide against the decisions of the Committee?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE (KUMARI SELJA): (a) Total 93.

(b) No, Sir.

(c) No, Sir.

(d) Appeals are received by the Director General, Archaeological Survey of India, New Delhi under Section-24 of the Antiquities and Art Treasures Act, 1972 as follows:

If any question arises whether any article, object or thing or manuscript, record or other document is or is not an antiquity or is or not an art treasure for the purposes of this Act, it shall be referred to the Director General, Archaeological Survey of India, or to an officer not below the rank of a Director in the Archaeological Survey of India authorised by the Director General, Archaeological Survey of India and the decision of the Director General, Archaeological Survey of India or such officer, as the case may be, on such question shall be final.

On receipt of such appeal, Director General, Archaeological Survey of India, constitutes a Committee to reexamine the findings of the Expert Advisory Committee for export of Non-Antiquities.

This appeal committee's specialists in the objects to be examined are different from those co-opted by the earlier committee. The party is given full opportunity to represent its case. The decision, thereupon is final and investigating agencies proceed further as per the nature of the offence in the case.

डा० बी० आर० अम्बेडकर विश्वविद्यालय

2335. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार बी० आर० अम्बेडकर विश्वविद्यालय के निर्माण-कार्य में कितने प्रतिशत प्रगति हुई है; और